रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप -खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 3156] नई दिल्ली, बुधवार, सितम्बर 25, 2019/आश्विन 3, 1941
No. 3156] NEW DELHI, WEDNESDAY, SEPTEMBER 25, 2019/ASVINA 3, 1941

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 23 सितम्बर, 2019

का.आ. 3462(अ).—प्रारुप अधिसूचना भारत के राजपत्र, असाधारण में भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन, मंत्रालय की अधिसूचना सं. का.आ. 1828 (अ), तारीख 7 मई, 2018 द्वारा प्रकाशित की गई थी जिसमें ऐसे सभी व्यक्तियों से, जिनकी उससे प्रभावित होने की संभावना थी, उस तारीख से, जिसको उक्त अधिसूचना को अन्तर्विष्ट करने वाले राजपत्र की प्रतियां जनता को उपलब्ध करा दी गई थीं, साठ दिन की अवधि के भीतर आक्षेप और सुझाव आमंत्रित किए गए थे;

और, उक्त प्रारूप अधिसूचना को अन्तर्विष्ट करने वाली राजपत्र की प्रतियां जनता को तारीख 7 मई, 2018 को उपलब्ध करा दी गई थीं;

और, प्रारुप अधिसूचना के उत्तर में व्यक्तियों और पणधारियों से कोई भी आक्षेप और सुझाव प्राप्त नहीं हुए;

और, असम सरकार की पहले की अधिसूचना सं.8, तारीख 27.08.1881 द्वारा घोषित होल्लोनगपर रिजर्व वन की संरक्षण स्थिति को उन्नत करके असम सरकार द्वारा अधिसूचना सं. एफआरएस 37/97/13, तारीख 30.07.1997 द्वारा होल्लोनगपर-गिब्बन अभयारण्य को अधिसूचित किया गया था;

और, अभयारण्य का महत्त्वपूर्ण संरक्षित क्षेत्र असम राज्य में जोरहाट जिला में स्थित है। जो 20.98621 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है; इससे होकर गुजरने वाले मार्ग, इसके आवाह क्षेत्र से गुजरने वाली बारहमासी भोगदोई नदी और अभयारण्य का पारिस्थितिकी पर्यावरण अद्वतीय हैं जहां कई छोटी मौसमी नदियां भी हैं जिनमें जोरहाट जिले के होल्लोनगपर

मौजा (तालुका) और नाकाचारी मौजा (तालुका) से गुजरने वाली नदियां भी शामिल है जो इस अभयारण्य में जीवजंतुओं के लिए जल का मुख्य स्त्रोत है;

और, अभयारण्य की वनस्पति जैव-विविधता में 74 वृक्ष की प्रजातियां, 17 बेलों झाड़ियों की प्रजातियां और 12 की प्रजातियां सम्मिलित हैं; अभयारण्य से महत्त्वपूर्ण वृक्ष प्रजातियों होल्लोंग (*डिप्टेरोकार्पस रेट्टूसा*), सैम (*आर्टोकार्पस चपलाशा*), अमरि (*अमूरा वल्लीची*), सोपास (*मिचलिअ* स्प), भेलु (*टेट्रामेलोस नडीफ्लोरा*), उडाल (*स्टेरक्युलिअ विलोसा*), हिंगोरी (*चस्टानोप्सिस* स्प), नाहोर (मुसुआ फेर्रेअ), बांदोरडिमा (*डिऑक्सीलम प्रॉएरूम*), धुना (*कैनरियम रेसिनिफेरुम*), भोमोरा (*टर्मिनलिए बेलेरिका*), फूल गोमरी (*गमेलिना स्प*), बॉन बोगोरी (*पटेरोस्पेर्म लैंसोफोलोम*), मोरहल (*वाटिका लैंसोफोलीअ*), सस्सी (*अक्लिलारिअ अगोलाचा*), ओटेंगा (*दिल्लेनिअ इंडिका*), अजर (*लागेरस्टराइमिआ फ्लॉस-रेगिंए*), बॉन-ऍम(*माँगीफेरा सिल्वाटिका*), अमोरा(*स्पोंडिअस माँगीफेरा*), यूरिअम(*बिस्कोफिया जवानिका*), सेल्लिंग (*सपियम बाक्सातुम*), माहि ठेकेरा (*गर्सिनिअ मोरेल्ला*), कथोलुआ (*पालकियम ओबोवेटियम*), कुम्भी(*करेया अरबोरिया*), गहोरी सोपा(*मैगनोलिया पीलिआना*), गोमारी (*गेमेलिना अर्बोरेआ*), गोहोरा (प्रेम्ना बैंगालेंसिस), गोन्धसोरोइ (*सिन्नामोनियम ग्रन्दिलिफेरुम*), सालमुगरा (*हीड्रोकार्पस कुरजील*), पोरेन्ग (*ऍलएओर्पुस रोबुस्तुस*), सोतिओना (*आलोस्टोनिअ स्कोलरिस*), चोम (*मचिलुस ओदोरतिस्सिमे*), चेवा (*कार्योटा उरुस*), जुतुलि (*अल्तिन्गिअ एक्षुल्सा*), जोरि (*फिस्कुस बेंजामिन*), तितस्योपा (*मिचलिआ चम्पका*), पैन चौपा (*मैगनोलिया स्फेनोकार्पा*), बोहोत (*आर्टोकार्पु लकुचा*), फकड़ेमा (*त्रिवेअ ओरेन्तलिस*), फूल सोपा (*मैगनोलिया हूकारी*), बोरहोमथुरी (*टालॉमा होड्गसन*), बोगी जामुक (*एउगेनिआ कुरजी*), बोर जामुक (*एउगेनिअ जाम्बुलअना*), बाघ नोला (*लित्सेआ सेबिफेरा*), भात्घिल्ला (*ऑरोक्सिलोम इंडिकॉम*), बोमोरा (*टर्मिनलीआ बेलेरिका*), मेजंगकोरी (*लिटसेअ सित्राता*), खोकोन (*दुभांगा सोनरटोइडस*), रुद्राखा (*एलएओर्पुस गेनिट्रस*), रघु (*अन्थोसेफालुस कदम्बा*), सिमुल (*बोमबाक्स सिबा*), लेतेकु (बकेउरिया *सपेदा),* हीलिखा (*टर्मिनलिक चेबुला*), होउरा (*ट्रोफिस एस्पेरा*), हल्दू सोपा (*अदिने कर्डिफोलिआ*), होलोख (*टर्मिनलीआ मैरिओकार्पा*), हेलोच (*अन्तिदेसमे घिसाएमबिला*), भेलकोर(*ट्रेविआ नडीफ्लोरा*), बोअल(*करदिअ ओब्लिए*), बोनसम (*फोएबे गोआलपारेंसिस*), बोरपात (*ऐलन्थस ग्रान्डिस*), डिमरू (*फिक्स स्प*), घोरा नीम (*मेलिया इंडिका*), हुआलु (*लिटसेयि पोल्यंथा*), *जलपाई (इलाइओकारपूस वरुणा), कंचन (बोहिनिया पुरपुररिया), केसेरू (हेटेरोपनक्स फ्रैगरैंस),* कोरोइ (*अल्बेज़िज़ए प्रोसेरा*), मौज (*अजबेजिया लउकीदा*), मोरोलीअ (*मल्लोटुस अलबूस*), नागाभे *(स्कीमा वल्लीची),* पारोली*(स्टेरोस्पेर्म चेलोनोइड्स),* पोमा *(सेडरेला टोने)* और टेपोर ठेंगा *(गर्सिनिअ स्प)* आदि को अभिलिखित किया गया हैं;

और, झाड़ियों और बेलों की प्रजातियों में हारपगन्धा (*रवोल्फिआ सर्पेन्टीना*), गुफूल(*लांटेना कैमरा*), जरमोनी(*एयपोटोरियम ओडोरातुम*), जेतुली पोका (*रुबूस मुलुकानुस*), तोरा (*अलफिनिया अलुघस*), धोपट्टीते (*फलोगन्थूस क्रविफ्लोरस*), नाल (*अरुणडोडोनक्स*), खोगोरी (*फरगिमिटेस करका*), निलजी बॉन (*मिमोसा पुडिका*), पतिदोई (*इलिनोगयाने डिचोटोमा*), पोछोतिया (*बुदद्लीरिया असिटिक*), फुतुका (*ओस्बेकिआ रत्नता*), बिओनी हबोटा (*डेस्मोडियम लबोरनिफोलियम*), बहूक तिता (*अधाटोड़ा स्प*), काउपत *(फर्नियम स्प*), माखिओटी (फ्लेमिनज़िआ स्ट्रीक्टा), मेजेंगा (विबरनुम कोलेबूकीअनुम), अमोइलोटा (मेनिस्प्रनुम ग्लाबरूम), हरजूरा लोटा*(सिस्सुस क्वाड्रंगुलारिस),* आकाशीलोता *(तरचेलोसपेरमुम फरगिरान्स),* पनिलोटा *(दिलीना सेरमेंटोसा),* कोलीअलोटा *(मेर्रेमिया उम्बल्लता),* पिपूली *(पिपेर लोंगम),* लातुमोनी *(अब्रुस प्रेकटोरिओउस),* मेकुरी चाली *(कॉम्बरेतुम डेकुन्दरूम),* जेंगु बेट *(कैलामुस इरेक्टस),* जाती बेट *(कैलामुस तेनेविसे),* रैदांग बेट *(कैलामुस फ्लागेल्लुम)* और लेजाई बेट *(कलेमुस फ्लोरीबुन्डुस),* आदि सम्मिलित हैं।

और, होल्लोनगपर-गिब्बन अभयारण्य में महत्त्वपूर्ण दुर्लभ प्रजातियाँ जैसे *डिपटेरोकारपुस रेतुसुस (होल्लोंग), फिकुस स्पा (फिग), अरटोकारपुस चापलासा (साम-गोच चम्काथाल), लिटसेया चीतराटा (मजांगकोरी), अक्यूइलारिया अगलोचा* (अलोइवूड), आदि पाई जाती है;

और, अभयारण्य 11 स्तनधारीयों की प्रजातियां, 5 सरीसृपों और उभयचर की प्रजातियों और 31 पक्षी–जीव की प्रजातियों का आश्रय प्रदान करता है; अभयारण्य की मुख्य जीवजंतु में बाघ (स्टराय) (*पैंथेरा टाइगरिस*), एशियाई हाथी (*एलिफस मैक्सीमूस*), तेंदुआ (*पेन्थेरा प्रड्यूस*), साल (*मानिस क्रैसिकाउडाटा*), बनबिलार (फेलिस चाउस), भारतीय गंध बिलाव *(विवेर्रादिया स्पा),* विशाल गिलहरी *(रेतुफा बिकोलोर),* मुंजक *(मुनटीक्स मुनतजक*), सांभर हिरण *(केरवुस यूनिकोलोर),* जंगली सूअर *(सूस स्कोरफा),* पाँच-धारीदार गिलहरी *(फनाम्बुलुस पेन्नांटी),* भारतीय पायथन *(गेनुस पायथन), सामान्य मॉनिटर लिर्जाड (वरानुस गरीसूस), इंडियन टेंट* कछुआ *(कचुगा टेक्टा टेक्टा),* छिपकली *(कलोदुक्टयलाइदेस उयरेउस), सामान्य कोबरा (नाजा स्पा),* सफेद विंजेड वोड बत्तख *(कैरिना स्कुतुलाटा),* हॉर्न बिल *(पटीलोलाइमुस टीककालि उयस्टेनी),* भारतीय पाइर्ड हॉर्न बिल *(अंथराकोकेरोस मालाबरिकुस),* ओस्प्रेय *(पंदीओन हालिअटेटुस),* हिल मैना *(ग्रराकुला रेलिगिओसा इंडिका),* कालीज तीतर *(लोफुरा लेउकोमाला),* बैबलर *(टीमालिनिया स्पा), बारबेटस (कपिटोओनिदेया स्पा), बिट्टेरंस (अरदेइदिया स्पा),* किंग फिशर *(अल्केदीनिदेय),* ओरिओलेस *(ओरिओलिदया), बुलबुलस (पयच्नोनोटीदेया स्पा),* उल्लू (*स्टरीगिदेया*), सफेद बगुला *(अरीदइदआ),* जलकाग *(फालाकरोकोराचीदे*), मैना *(स्टर्निदेया निदेया),* कोयल *(कुकुलिदेया*), मैग्पाइज (*कोरविदेया*), कबूतर *(कोलुम्बिदेया), डारटेर्स (फालाक्रोरासिदेया), डरोवेस (कोलुम्बिदिया), ब्लू जाय (कोराकिदिया), तेअल्स (अनाटीदिया),* ट्री पाई *(कोरविदिया), बायस (पलोकेइदिया),* जंगल मुर्गी *(फसिअनिदिया),* मिनिविट *(काम्पेफागिदिया), मुनिअस (इस्टरील्दिना),* तोता *(पसिट्टाकिदिया),* कठफोड़वा *(पिकिदिया)* और टीटस (परिदेइ) आदि शामिल हैं; और अभयारण्य जैवविविधता को समृद्ध करने वाली सात (7) दुर्लभ प्रमुख प्रजातियों को भी संरक्षण देता है;

और, यह अभयारण्य विविधतापूर्ण भू-दृश्य है एक महत्त्वपूर्ण हाथी गलियारा इसका अभिन्न भाग है। इसमें दिसाई और दिसाई घाटी रिजर्व वन, और इसके दक्षिण में नागालैंड का भू-भाग मिलता है;

और, अभयारण्य मारियानी मौज़ा (तालुका) से 3 किलोमीटर और जोरहाट शहर से 18 किलोमीटर दूर स्थित है और तेज़ी से होता शहरीकरण आगे चलकर पक्षियों, पशुओं और अभयारण्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। अभयारण्य से एक रेलवे लाइन और एक सड़क भी गुजरती है जिससे यह सड़क यातायात के लिए खुल जाता है और अभयारण्य के पारिस्थितिकी तंत्र को हानि पहुंचती है;

और, अभयारण्य में विविध प्रकार की वनस्पति, जीवजंतु और पक्षी जीव रहते हैं। और यह स्थानिक वन्यजीवों की दुर्लभ और संकटापन्न प्रजातियों को संरक्षण प्रदान करता है, अत:, होल्लोनगपर-गिब्बन अभयारण्य और के चारों ओर के क्षेत्र को, जिसका विस्तार और सीमाऐं इस अधिसूचना के पैराग्राफ 1 में विनिर्दिष्ट हैं, पर्यावरण की दृष्टि से पारिस्थितिकी संवेदी जोन के रूप में सुरक्षित और संरक्षित करना और उक्त पारिस्थितिकी संवेदी जोन में उद्योगों या उद्योगों के वर्गों के प्रचालन और प्रसंस्करण करने को प्रतिषिद्ध करना आवश्यक है;

अत:, अब, केन्द्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) नियम, 1986 के नियम 5 के उपनियम (3) के साथ पठित पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) (जिसे इस अधिसूचना में इसके पश्चात पर्यावरण अधिनियम कहा गया है) की धारा 3 की उपधारा (1) और उपधारा (2) के खंड (v) और खंड (xiv) तथा उपधारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, असम राज्य में जोरहाट जिला के होल्लोनगपर-गिब्बन अभयारण्य की सीमा के चारों ओर 0 (शून्य) किलोमीटर (नागालैंड राज्य के साथ अंतरराज्यीय सीमा) से 22.54 किलोमीटर तक विस्तारित क्षेत्र होल्लोनगपर-गिब्बन अभयारण्य को पारिस्थितिकी संवेदी जोन (जिसे इसमें इसके पश्चात् पारिस्थितिकी संवेदी जोन कहा गया है) के रूप में अधिसूचित करती है, जिसके विवरण निम्नानुसार है, अर्थात्:-

1. **पारिस्थितिकी संवेदी जोन का विस्तार और उसकी सीमाएं.**-(1) पारिस्थितिकी संवेदी जोन होल्लोनगपर-गिब्बन अभयारण्य के सीमा के चारो ओर 0 (शून्य) किलोमीटर (नागालैंड राज्य के अंतरराज्यीय सीमा) 22.54 किलोमीटर तक है और पारिस्थितिकी संवेदी जोन का क्षेत्र 264.62 वर्ग किलोमीटर है।

(2) होल्लोनगपर-गिब्बन अभयारण्य और इसके पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा का विवरण **उपाबंध-I** के रुप में उपाबद्ध है।

(3) सीमा विवरण और अक्षांश और देशांतर के साथ पारिस्थितिकी संवेदी जोन के होल्लोनगपर-गिब्बन अभयारण्य के मानचित्र **उपाबंध–II क** और **उपाबंध–II ख** के रुप में उपाबद्ध है।

(4) पारिस्थितिकी संवेदी जोन और होल्लोनगपर-गिब्बन अभयारण्य की सीमा के भू निर्देशांकों की सूची **उपाबंध-III** के सारणी **क** और सारणी **ख** में दी गई है।

(5) मुख्य बिंदुओं के भू-निर्देशांकों के साथ पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अंतर्गत आने वाले ग्रामों की सूची **उपाबंध-IV** के रूप में उपाबद्ध है।

2. पारिस्थितिकी संवेदी जोन के लिए आंचलिक महायोजना– (1) राज्य सरकार, पारिस्थितिकी संवेदी जोन के प्रयोजनों के लिए राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से दो वर्ष की अवधि के भीतर, स्थानीय व्यक्तियों के परामर्श से और राज्य के सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के लिए इस अधिसूचना में दिए गए अनुबंधों का पालन करते हुए आंचलिक महायोजना तैयार करेगी।

(2) राज्य सरकार द्वारा पारिस्थितिकी संवेदी जोन के लिए आचंलिक महायोजना ऐसी रीति से जो इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट किए गए हैं के अनुसार तथा सुसंगत केंद्रीय और राज्य विधियों के अनुरुप और केंद्रीय सरकार द्वारा जारी मार्गनिर्देशों, यदि कोई हों, द्वारा तैयार होगी ।

(3) आंचलिक महायोजना, उक्त योजना में पारिस्थितिकी और पर्यावरणीय बातों को समाकलित करने के लिए राज्य सरकार के निम्नलिखित विभागों के परामर्श से तैयार होगी, अर्थात्:-

(i) पर्यावरण;

(ii) वन और वन्यजीव;

(iii) कृषि और बागवानी;

(iv) राजस्व;

(v) नगर विकास;

(vi) पर्यटन;

(vii) ग्रामीण विकास;

(viii) सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण;

(ix) नगरपालिका;

(x) पंचायती राज;

(xi) लोक निर्माण विभाग; और

(xii) असम राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड;

(4) आंचलिक महायोजना अनुमोदित विद्यमान भू-उपयोग, अवसंरचना और क्रियाकलापों पर कोई निर्बंधन अधिरोपित नहीं करेगी जब तक कि इस अधिसूचना में इस प्रकार विनिर्दिष्ट न हो और आचंलिक महायोजना सभी अवसंरचना और क्रियाकलापों में जो अधिक दक्षता और पारिस्थितिकी अनुकूल हों का संवर्धन करेगी ।

IndiaCode

(5) आंचलिक महायोजना में अनाच्छादित क्षेत्रों के जीर्णोद्धार, विद्यमान जल निकायों के संरक्षण, आवाह क्षेत्रों के प्रबंधन, जल-संभरों के प्रबंधन, भूतल जल के प्रबंधन, मृदा और नमी संरक्षण, स्थानीय समुदायों की आवश्यकताओं तथा पारिस्थितिकी और पर्यावरण से संबंधित ऐसे अन्य पहलुओं, जिन पर ध्यान देना आवश्यक है, के लिए उपबंध होंगे ।

(6) आंचलिक महायोजना विद्यमान और प्रस्तावित भूमि उपयोग विशेषताओं के ब्यौरों से अनुसमर्थित मानचित्र के साथ सभी विद्यमान पूजा स्थलों, ग्रामों और नगरीय बस्तियों, वनों के प्रकार और किस्मों, कृषि क्षेत्रों, ऊपजाऊ भूमि, हरित क्षेत्र जैसे उद्यान और उसी प्रकार के स्थान, उद्यान कृषि क्षेत्र, फलोउद्यान, झीलों और अन्य जल निकायों का अभ्यंकन करेगी।

(7) आंचलिक महायोजना पारिस्थितिकी संवेदी जोन में विकास को विनियमित करेगी और सारणी में सूचीबद्ध पैरा-4 में प्रतिषिद्ध और विनियमित क्रियाकलापों का अनुपालन करेगी और स्थानीय समुदायों की जीविका को सुरक्षित करने के लिए पारिस्थितिकी अनुकूल विकास को सुनिश्चित और उसकी अभिवृद्धि भी करेगी।

(8) आंचलिक महायोजना प्रादेशिक विकास योजना की सह विस्तारी होगी ।

(9) इस प्रकार अनुमोदित आंचलिक महायोजना इस अधिसूचना के उपबंधों के अनुसार मानीटरी के अपने कार्यों को करने के लिए मानीटर समिति के लिए एक संदर्भ दस्तावेज होगी ।

3. **राज्य सरकार द्वारा किए जाने वाले उपाय.-** राज्य सरकार इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभावी करने के लिए निम्नलिखित उपाय करेगी, अर्थात्:-

(1) **भू-उपयोग.–** (क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में वनों, बागवानी क्षेत्रों, कृषि क्षेत्रों, मनोरंजन के प्रयोजनों के लिए चिन्हित किए गए पार्कों और खुले स्थानों का वाणिज्यिक या आवासीय या औद्योगिक संबद्ध विकास क्रियाकलापों के लिए उपयोग या संपरिवर्तन नहीं होगा:

परंतु यह कि पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर भाग (क), में विनिर्दिष्ट प्रयोजनों से भिन्न प्रयोजन के लिए कृषि और अन्य भूमि का संपरिवर्तन मानीटरी समिति की सिफारिश पर और यथा लागू और क्षेत्रीय नगर योजना अधिनियम और केन्द्रीय/राज्य सरकार के अन्य नियमों तथा विनियमों के अधीन सक्षम प्राधिकारी के पूर्व अनुमोदन से, और इस अधिसूचना के उपबंधों द्वारा स्थानीय निवासियों की निम्नलिखित आवासीय जरूरतों को पूरा करने के लिए अनुज्ञात किया जाएगा, जैसे:-

(i) विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना और उन्हें सुदृढ करना तथा नई सड़कों का संनिर्माण;

(ii) बुनियादी ढांचों और नागरिक सुविधाओं का संनिर्माण और नवीकरण;

(iii) प्रदूषण उत्पन्न न करने वाले लघु उद्योग;

(iv) कुटीर उद्योगों जिनके अंतर्गत ग्रामीण उद्योग भी हैं; सुविधाजनक भण्डार और स्थानीय सुविधाएं सहायक पारिस्थितिकी पर्यटन जिसके अन्तर्गत ग्रह वास सम्मिलित है; और

(v) पैरा 4 के अधीन दिए गए संवर्धित क्रियाकलाप:

परंतु यह और कि प्रादेशिक नगर योजना अधिनियम और राज्य सरकार के अन्य नियमों और विनियमों के अधीन सक्षम प्राधिकारी के पूर्व अनुमोदन और संविधान के अनुच्छेद 244 के उपबंधों या तत्समय प्रवृत्त विधि के उपबंधों के अनुपालन के बिना, जिसके अन्तर्गत अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 (2007 का 2) भी है, वाणिज्यिक या औद्योगिक विकास क्रियाकलापों के लिए जनजातीय भूमि का उपयोग अनुज्ञात नहीं होगा:

IndiaCode

परंतु यह और भी कि पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर भू-अभिलेखों में उपसंजात कोई गलती, निगरानी समिति के विचार प्राप्त करने के पश्चात् राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक मामले में एक बार ठीक होगी और उक्त गलती के सुधार की सूचना केंद्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को दी जाएगी:

परंतु यह और भी कि गलती के संशोधन में इस उप पैरा के अधीन यथा उपबंधित के सिवाय किसी भी दशा में भू-उपयोग का परिवर्तन सम्मिलित नहीं होगा।

(ख) वनीकरण तथा वास जीर्णोद्धार क्रियाकलापों सहित अनप्रयुक्त या अनुत्पादक कृषि क्षेत्रों में पुन: वनीकरण करने के प्रयास किए जाएंगे ।

(2) **प्राकृतिक जल स्रोत**.- आचंलिक महायोजना में सभी प्राकृतिक जल स्रोतों के आवाह क्षेत्रों की पहचान की जाएगी और उनके संरक्षण और नवीकरण के लिए योजना सम्मिलित होगी और राज्य सरकार द्वारा ऐसे क्षेत्रों पर या उनके निकट विकास क्रियाकलाप प्रतिषिद्ध करने के बारे में जो ऐसे क्षेत्रों के लिए अहितकर हो ऐसी रीति से मार्गदर्शक सिद्धांत तैयार किए जाएंगे ।

(3) **पर्यटन अथवा पारिस्थितिकी पर्यटन.-** (क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर सभी नए पारिस्थितिकी पर्यटन क्रियाकलाप या विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों का विस्तार पर्यटन महायोजना के अनुसार पारिस्थितिकी संवेदी जोन के लिए होगा।

(ख) पारिस्थितिकी पर्यटन महायोजना राज्य पर्यटन विभाग द्वारा राज्य पर्यावरण और वन विभाग के परामर्श से तैयार होगी ।

(ग) पर्यटन महायोजना आंचलिक महायोजना के एक घटक के रूप में होगी ।

(घ) पर्यटन महायोजना पारिस्थितिकी संवेदी जोन की वहन क्षमता के आधार पर तैयार की जाएगी।

(ङ) पारिस्थितिकी पर्यटन संबंधी क्रियाकलाप निम्नानुसार विनियमित किए जाएंगे, अर्थात्:-

(i) वन्यजीव अभयारण्य की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन के विस्तार तक, इनमें जो भी निकट है, नये वाणिज्यिक होटल और रिजॉर्ट के सन्निर्माण अनुज्ञात नहीं होंगे:

परंतु, यह कि वन्यजीव अभयारण्य की सीमा से एक किलोमीटर की दूरी से परे पारिस्थितिकी संवेदी जोन के विस्तार तक होटलों और रिजॉर्ट का स्थापना केवल पूर्व परिभाषित और नामनिर्दिष्ट क्षेत्रों में पर्यटन महायोजना के अनुसार पारिस्थितिकी पर्यटन सुविधाओं के लिए ही अनुज्ञात होगा;

(ii) पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर नए पर्यटन क्रियाकलापों या विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों का विस्तार केंद्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के मार्गदर्शक सिद्धांतों के द्वारा तथा राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण, द्वारा जारी पारिस्थितिकी–पर्यटन, पारिस्थितिकी-शिक्षा और पारिस्थितिकी-विकास पर बल देते हुए (समय-समय पर यथा संशोधित) जारी मार्गदर्शक सिद्धांतों के अनुसार होगा;

(iii) आंचलिक महायोजना का अनुमोदन किए जाने तक, पर्यटन के लिए विकास और विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों के विस्तार को वास्तविक स्थल विनिर्दिष्ट संवीक्षा और मानीटरी समिति की सिफारिश पर आधारित संबंधित विनियामक प्राधिकरणों द्वारा अनुज्ञात किया जाएगा और पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अंदर किसी नये होटल या रिसोर्ट या वाणिज्यिक प्रतिष्ठान का संनिर्माण अनुज्ञात नहीं किया जायेगा ।

(4) **नैसर्गिक विरासत.-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में महत्वपूर्ण नैसर्गिक विरासत के सभी स्थलों जैसे जीन कोश आरक्षित क्षेत्र, शैल विरचनाएं, जल प्रपातों, झरनों, घाटी मार्गों, उपवनों, गुफाएं, स्थलों, भ्रमण, आरोह, प्रपातों आदि की

पहचान की जाएगी और विरासत संरक्षण योजना आंचलिक महायोजना के भाग के रुप में परिरक्षण और संरक्षण के लिए तैयार की जाएगी।

(5) **मानव निर्मित विरासत स्थल.-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में भवनों, संरचनाओं, शिल्प-तथ्य, ऐतिहासिक, स्थापत्य, सौंदर्यपूरक और सांस्कृतिक महत्व के क्षेत्रों की और उपक्षेत्रों पहचान और उनके संरक्षण के लिए विरासत योजना आंचलिक महायोजना के भाग के रुप में तैयार की जाएगी।

(6) **ध्वनि प्रदूषण**.- पर्यावरण अधिनियम के अधीन ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियम, 2000 में नियत उपबंधों के अनुसार में पारिस्थितिकी संवेदी जोन में ध्वनि प्रदूषण के नियंत्रण और निवारण का अनुपालन किया जाएगा।

(7) **वायु प्रदूषण.**- पारिस्थितिकी संवेदी जोन में, वायु प्रदूषण के निवारण और नियंत्रण का वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 (1981 का 14) और उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसार अनुपालन किया जाएगा।

(8) **बहिस्राव का निस्सारण.**- पारिस्थितिकी संवेदी जोन में उपचारित बहिस्राव का निस्सारण, साधारण मानकों के उपबंधों के अनुसार पर्यावरणीय अधिनियम और उसके अधीन बनाए गए नियमों के अधीन आने वाले पर्यावरणीय प्रदूषण के निस्सारण के लिए साधारण मानकों या राज्य सरकार द्वारा नियत मानकों, जो भी अधिक कठोर हो, के उपबंधों के अनुसार होगा।

(9) **ठोस अपशिष्ट.-** ठोस अपशिष्ट का निपटान एवं प्रबंधन निम्नानुसार किया जाएगा:-

(i) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में ठोस अपशिष्ट का निपटान और प्रबंधन भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना सं. का.आ. 1357(अ), तारीख 8 अप्रैल, 2016 द्वारा प्रकाशित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा। अकार्बनिक पदार्थों का निपटान पारिस्थितिकी संवेदी जोन से बाहर चिन्हित किए गए स्थानों पर पर्यावरण-अनुकूल रीति से किया जाएगा;

(ii) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में मान्य प्रौद्योगिकियों (ईएसएम) का प्रयोग करते हुए विद्यमान नियमों और विनियमों के अनुरूप ठोस अपशिष्ट का सुरक्षित और पर्यावरण-अनुकूल प्रबंधन अनुज्ञात किया जा सकेगा।

(10) **जैव चिकित्सा अपशिष्ट**.- जैव चिकित्सा अपशिष्ट का प्रबंधन निम्नानुसार किया जाएगा:-

(i) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में जैव चिकित्सा अपशिष्ट का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना संख्यांक सा.का.नि 343 (अ), तारीख 28 मार्च, 2016 द्वारा प्रकाशित जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा ।

(ii) पारिस्थितिकी संवदी जोन में मान्य प्रौद्योगिकियों का प्रयोग करते हुए विद्यमान नियमों और विनियमों के अनुरूप जैव-चिकित्सा अपशिष्ट का सुरक्षित और पर्यावरण-अनुकूल प्रबंधन अनुज्ञात किया जा सकेगा।

(11) **प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन.-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंध का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय-समय पर यथासंशोधित अधिसूचना संख्यांक सा.का.नि 340(अ), तारीख 18 मार्च, 2016 द्वारा प्रकाशित प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंध नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(12) **निर्माण और विध्वंस अपशिष्ट प्रबंधन.-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में संनिर्माण और विध्वंस अपशिष्ट प्रबंध का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय-समय पर यथासंशोधित अधिसूचना संख्यांक सां.का.नि 317(अ), तारीख 29 मार्च, 2016 द्वारा प्रकाशित संनिर्माण और विध्वंस प्रबंध नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा ।

(13) **ई–अपशिष्ट.-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में ई–अपशिष्ट प्रबंध का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय-समय पर यथासंशोधित द्वारा प्रकाशित ई–अपशिष्ट प्रबंध नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(14) **यानीय यातायात.-** यातायात की यानीय गतिविधियां आवास के अनुकूल विनियमित होंगी और इस संबंध में आंचलिक महायोजना में विशेष उपबंध सम्मिलित किए जाएंगे और आंचलिक महायोजना के तैयार होने और राज्य सरकार के सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित होने तक, मानीटरी समिति सुसंगत अधिनियमों और उसके अधीन बनाए गए नियमों और विनियमों के अनुसार यानीय क्रियाकलापों के अनुपालन को मानीटर करेगी ।

(15) **यानीय प्रदूषण.-** लागू विधियों के अनुपालन में वाहन प्रदूषण का निवारण और नियंत्रण किया जाएगा तथा स्वच्छक ईंधन के उपयोग के लिए प्रयास किए जाएंगे।

(16) **औद्योगिक इकाईयां.-** (i) राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन पर या उसके पश्चात पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर कोई नए प्रदूषणकारी उद्योगों की स्थापना की अनुमति नहीं दी जाएगी।

(ii) केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा फरवरी, 2016 में जारी मार्गदर्शक सिद्धान्तों में उद्योगों के वर्गीकरण के अनुसार, जब तक कि अधिसूचना में इस प्रकार विनिर्दिष्ट न हो; पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर केवल गैर- प्रदूषणकारी उद्योगों को अनुज्ञात किया जाएगा और इसके अतिरिक्त, गैर प्रदूषणकारी उद्योगों को बढ़ावा दिया जाएगा।

(17) **पहाड़ी ढलानों का संरक्षण.-** पहाड़ी ढलानों का संरक्षण निम्नानुसार होगा:-

(क) आंचलिक महायोजना में पहाड़ी ढलानों पर उन क्षेत्रों का संकेत होगा जहां किसी भी संनिर्माण की अनुमति नहीं दी जाएगी;

(ख) विद्यमान खड़ी पहाड़ी ढलानों या एक उच्च डिग्री के कटाव वाली ढलानों पर किसी भी संनिर्माण की अनुमति नहीं दी जाएगी ।

4. पारिस्थितिकी संवेदी जोन में प्रतिषिद्ध और विनियमित किए जाने वाले क्रियाकलापों की सूची.- पारिस्थितिकी संवेदी जोन में सभी क्रियाकलाप पर्यावरण अधिनियम के उपबंधों और उसके अधीन बनाए गए नियमों जिसके अन्तर्गत तटीय विनियमन जोन अधिसूचना, 2011 और पर्यावरणीय प्रभाव आकलन अधिसूचना, 2006 और अन्य लागू विधियां के जिसमें वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 (1980 का 69), भारतीय वन अधिनियम, 1927 (1927 का 16), वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 (1972 का 53) सम्मिलित हैं और किये गये संशोधनों द्वारा शासित होंगे और नीचे दी गई सारणी में विनिर्दिष्ट रीति में विनियमित होंगे, अर्थात् :-

सारणी

क्रम सं.	क्रियाकलाप	टिप्पणियां
(1)	(2)	(3)
	क. प्रतिषिद्ध क्रियाकलाप	
1.	वाणिज्यिक खनन, पत्थर उत्खनन और अपघर्षण इकाईयां ।	(क) वास्तविक स्थानीय निवासियों की घरेलू आवश्यकताओं जिसमें निजी उपयोग के लिए मकानों के संनिर्माण या मरम्मत के लिए धरती को खोदना और मकान बनाने और व्यक्तिगत उपभोग के लिए देशी टाइल्स या ईंटों का निर्माण करना भी सम्मिलित है, के सिवाय सभी प्रकार के नए और विद्यमान खनन (लघु और वृहत खनिज), पत्थर की खानें और उनकों तोड़ने की इकाईयां तत्काल प्रभाव से प्रतिषिद्ध होगा;

		(ख) खनन प्रचालन, माननीय उच्चतम न्यायालय की रिट याचिका (सिविल) सं. 1995 का 202 टी.एन. गौडाबर्मन थिरुमूलपाद बनाम भारत संघ के मामले में आदेश तारीख 4 अगस्त, 2006 और रिट याचिका (सी) सं. 2012 का 435 गोवा फाउंडेशन बनाम भारत संघ के मामले में तारीख 21 अप्रैल, 2014 के आदेश के अनुसरण में प्रचालित होंगी ।
2.	प्रदूषण (जल, वायु, मृदा, ध्वनि आदि) उत्पन करने वाले उद्योगों की स्थापना ।	पारिस्थितिकी संवेदी जोन में कोई नया उद्योग लगाने और वर्तमान प्रदूषणकारी उद्योगों का विस्तार करने की अनुज्ञा नहीं होगी: परन्तु यह कि केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा फरवरी, 2016 में जारी मार्ग दर्शक सिद्धान्तों में उद्योगों के वर्गीकरण के अनुसार जब तक कि अधिसूचना में ऐसा विनिर्दिष्ट न हों, पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर गैर-प्रदूषणकारी उद्योगों को अनुज्ञात किया जाएगा और इसके अतिरिक्त गैर-प्रदूषणकारी कुटीर उद्योगों को बढ़ावा दिया जाएगा।
3.	बृहत जल विद्युत परियोजना की स्थापना ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे ।
4.	किसी परिसंकटमय पदार्थों का उपयोग या उत्पादन या प्रसंस्करण।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे ।
5.	प्राकृतिक जल निकायों या क्षेत्र भूमि में अनुपचारित बहिर्स्राव का निस्सारण ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे ।
6.	नई आरा मिलों की स्थापना।	पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर नई और विद्यमान आरा मिलों का विस्तार अनुज्ञात नहीं होगा ।
7.	ईंट भट्टों की स्थापना करना।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे ।
8.	जलावन लकड़ी का वाणिज्यिक उपयोग।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे ।
ख. विनियमित क्रियाकलाप		
9.	वाणिज्यिक होटलों और रिसोर्टों की स्थापना ।	पारिस्थितिकी पर्यटन क्रियाकलापों लघु अस्थायी संरचनाओं के सिवाय संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन के विस्तार तक, इनमें जो भी निकट है, नए वाणिज्यिक होटल और रिसोर्टों को अनुज्ञात नहीं किया जाएगा: परंतु यह कि संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर के परे या पारिस्थितिकी संवेदी जोन के विस्तार तक इनमें से जो भी निकट हो सभी नए पर्यटन क्रियाकलाप या विद्यमान क्रियाकलाप का विस्तार पर्यटन महायोजना और यथा लागू मार्गदर्शी सिद्धांतों के अनुरुप होगा।
10.	फर्मो, कंपनियों द्वारा बड़े पैमाने पर वाणिज्यिक पशुओं और पोल्ट्री फार्मों की स्थापना ।	स्थानीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए लागू विधियों के अधीन विनियमित (अन्यथा प्रदान किए गए) होंगे ।
11.	संनिर्माण क्रियाकलाप ।	(क) संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन के विस्तार तक, इनमें जो भी निकट हो,

IndiaCode

		किसी भी प्रकार के नये वाणिज्यिक संनिर्माण की अनुज्ञा नहीं होगी: परंतु यह कि स्थानीय लोगों को अपनी आवास सम्बन्धी निम्नलिखित आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए, पैराग्राफ 3 के उप पैराग्राफ (1) में सूचीबद्ध क्रियाकलापों सहित अपने प्रयोग के लिए, अपनी भूमि में भवन उप-विधियों के अनुसार, संनिर्माण करने की अनुज्ञा होगी, जैसे: परंतु यह कि गैर–प्रदूषणकारी लघु उद्योगों से संबंधित संनिर्माण क्रियाकलाप लागू नियमों और विनियमों, यदि कोई हों, के अनुसार सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति से विनियमित किए जाएंगे और वे न्यूनतम होंगे । (ख) एक किलोमीटर क्षेत्र से परे ये आंचलिक महायोजना के अनुसार विनियमित होंगे ।
12.	प्रदूषण उत्पन्न न करने वाले लघु उद्योग ।	फरवरी, 2016 में केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी उद्योगों में वर्गीकरण के अनुसार गैर-प्रदूषणकारी उद्योग और अपरिसंकटमय में, लघु और सेवा उद्योग, कृषि, पुष्प कृषि, उद्यान कृषि या पारिस्थितिकी संवेदी जोन से देशी सामग्री से उत्पादों को उत्पन्न करने वाले कृषि आधारित उद्योग सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुज्ञात होंगे।
13.	वृक्षों की कटाई ।	(क) राज्य सरकार में सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना वन, सरकारी या राजस्व या निजी भूमि पर या वनों में वृक्षों की कटाई नहीं होगी । (ख) वृक्षों की कटाई संबंधित केंद्रीय या राज्य अधिनियम या उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंध के अनुसार विनियमित होगे ।
14.	वन उत्पादों या गैर काष्ठ वन उत्पादों का संग्रहण।	लागू विधियों के अनुसार विनियमित होंगे ।
15.	विद्युत और संचार टावरों का परिनिर्माण और केबलों के बिछाए जाने और अन्य बुनियादी ढांचे ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे । (भूमिगत केबल के बिछाए जाने को बढ़ावा दिया जाएगा)।
16.	नागरिक सुख सुविधाओं सहित अवसंरचनाएं ।	न्यूनीकरण उपायों को लागू विधियों, नियमों और विनियमनों और उपलब्ध मार्गदर्शक सिद्धांतों के अनुसार किया जाना ।
17.	विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना और उन्हें सुदृढ करना तथा नवीन सड़कों का संनिर्माण ।	न्यूनीकरण उपायों को लागू विधियों, नियमों और विनियमनों और उपलब्ध मार्गदर्शक सिद्धांतों के अनुसार किया जाना ।
18.	पर्यटन से संबंधित अन्य क्रियाकलाप जैसे गर्म वायु गुब्बारें, हेलीकाप्टर, ड्रोन, माइक्रोलाइटस आदि द्वारा पारिस्थितिकी संवेदी जोन क्षेत्र के ऊपर से उड़ना जैसे क्रियाकलाप करना।	लागू विधियों के अनुसार विनियमित होंगे ।
19.	पहाड़ी ढालों और नदी तटों का संरक्षण ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
20.	रात्रि में यानिक यातायात का संचलन ।	लागू विधियों के अधीन वाणिज्यिक प्रयोजन के लिए विनियमित

		होंगे ।
21.	स्थानीय समुदायों द्वारा चल रही कृषि और बागवानी प्रथाओं के साथ दुग्धशाला, दुग्ध उद्योग, कृषि और मछली पालन ।	स्थानीय लोगों के उपयोग के लिए लागू विधियों के अधीन अनुज्ञात होंगे ।
22.	प्राकृतिक जल निकायों या सतही क्षेत्र में उपचारित बहिर्स्राव का निस्तारण ।	जल निकायों में उपचारित अपशिष्ट जल या बहिर्स्राव के निस्सारण से बचा जाएगा और उपचारित अपशिष्ट जल के पुन:चक्रण और पुन:उपयोग के लिए प्रयास किए जाएंगे। अन्यथा लागू विधियों के अनुसार उपचारित बहिर्स्राव के पुनर्चक्रण/प्रवाह के निर्वहन को विनियमित किया जाएगा।
23.	सतह और भूजल का वाणिज्यिक निष्कर्षण ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
24.	खुले कुंआ, बोर कुंआ, आदि कृषि और अन्य उपयोग के लिए ।	लागू विधियों के अनुसार विनियमित होंगे और सम्बद्ध प्राधिकारी द्वारा क्रियाकलापों की सख्ती से निगरानी की जाएगी।
25.	ठोस अपशिष्ट का प्रबंधन ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
26.	विदेशी प्रजातियों को लाना ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
27.	पारिस्थितिकी-पर्यटन।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
28.	पोलिथीन बैगों का प्रयोग ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
29.	वाणिज्यिक साइनबोर्ड और होर्डिंग ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
	ग. संवर्धित क्रियाकलाप	
30.	वर्षा जल संचयन ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
31.	जैविक खेती।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
32.	सभी गतिविधियों के लिए हरित प्रौद्योगिकी को ग्रहण करना ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
33.	कुटीर उद्योग जिसके अंतर्गत ग्रामीण कारीगर भी हैं।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।
34.	नवीकरणीय ऊर्जा और ईंधन का उपयोग ।	बायोगैस, सौर प्रकाश इत्यादि को बढ़ावा दिया जाना है।
35.	कृषि वानिकी ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।
36.	बागान लगाना और जड़ी बूटियों का रोपण ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।
37.	पारिस्थितिकी अनुकूल परिवहन का उपयोग ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।
38.	कौशल विकास ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।
39.	निम्नीकृत भूमि/ वन / वास की बहाली ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।
40.	पर्यावरणीय जागरुकता ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।

5. मानीटरी समिति- केंद्रीय सरकार इस अधिसूचना के उपबंधों की प्रभावी मानीटरी के लिए मानीटरी समिति का गठन करती है, जो निम्नलिखित से मिलकर बनेगी अर्थात्:-

क्र.सं.	मानीटरी समिति का संविधान	पद
(i)	उपायुक्त, जोरहाट	अध्यक्ष,पदेन;
(ii)	क्षेत्र का शहरी योजनाकार	सदस्य;
(iii)	असम सरकार द्वारा नामित किया जाने वाला प्रकृति संरक्षण (विरासत संरक्षण सहित) के क्षेत्र में काम करने वाले गैर-सरकारी संगठन का प्रतिनिधि	सदस्य;
(iv)	प्रादेशिक अधिकारी, असम राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, सिबसागर	सदस्य;
(v)	राज्य के प्रतिष्ठित संस्थान या विश्वविद्यालय से पारिस्थितिकी में एक विशेषज्ञ	सदस्य;
(vi)	सदस्य सचिव, राज्य जैव विविधता बोर्ड, असम	सदस्य;
(vii)	जिला उद्योग अधिकारी, जोरहाट	सदस्य;
(viii)	जिला कृषि अधिकारी, जोरहाट	सदस्य;
(ix)	जिला मत्स्य अधिकारी, जोरहाट	सदस्य;
(x)	प्रभागीय वनाधिकारी, जोरहाट प्रभाग, जोरहाट	सदस्य सचिव।

IndiaCode

6. निर्देश–निबंधन:- (1) मानीटरी समिति इस अधिसूचना के उपबंधों के अनुपालन को मानीटर करेगी।

(2) मानीटरी समिति का कार्यकाल तीन वर्ष तक या राज्य सरकार द्वारा नई समिति के पुन: गठन तक के लिए होगा और तत्पश्चात राज्य सरकार द्वारा मानीटरी समिति गठित की जाएगी।

(3) उन क्रियाकलापों की, जो भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना संख्यांक का.आ. 1533 (अ), तारीख 14 सितम्बर, 2006 की अनुसूची में सम्मिलित हैं, और जो पारिस्थितिकी संवेदी जोन में आते हैं, सिवाय इसके पैरा 4 के अधीन सारणी में यथा विनिर्दिष्ट प्रतिसिद्ध क्रियाकलापों के, वास्तविक विनिर्दिष्ट स्थलीय दशाओं के आधार पर मानीटरी समिति द्वारा संवीक्षा की जाएगी और उक्त अधिसूचना के उपबंधों के अधीन पूर्व पर्यावरण अनापत्ति के लिए केंद्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को निर्दिष्ट किया जाएगा।

(4) उन क्रियाकलापों की जिन्हे भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना संख्यांक का.आ.1533 (अ), तारीख 14 सितंबर, 2006 की अधिसूचना के अनुसूची के अधीन सम्मिलित नहीं किया गया है, परंतु पारिस्थितिकी संवेदी जोन में आते हैं, सिवाय इसके पैरा 4 के अधीन सारणी में यथा विनिर्दिष्ट प्रतिषिद्ध क्रियाकलापों के वास्तविक विनिर्दिष्ट स्थलीय दशाओं के

आधार पर मानीटरी समिति द्वारा संवीक्षा की जाएगी और उसे संबद्ध विनियामक प्राधिकरणों को निर्दिष्ट किया जाएगा ।

(5) मानीटरी समिति का सदस्य-सचिव या संबद्ध उपायुक्त ऐसे व्यक्ति के विरूद्ध, जो इस अधिसूचना के किसी उपबंध का उल्लंघन करता है, पर्यावरण अधिनियम की धारा 19 के अधीन परिवाद फाइल करने के लिए सक्षम होगा।

(6) मानीटरी समिति मुद्दा दर मुद्दा के आधार पर अपेक्षाओं पर निर्भर रहते हुए संबद्ध विभागों के प्रतिनिधियों या विशेषज्ञों, औद्योगिक संगमों या संबद्ध पणधारियों के प्रतिनिधियों को अपने विचार-विमर्श में सहायता के लिए आमंत्रित कर सकेगी ।

(7) मानीटरी समिति प्रत्येक वर्ष की 31 मार्च तक के अपने क्रियाकलापों की वार्षिक कार्रवाई रिपोर्ट राज्य के मुख्य वन्यजीव वार्डन को **उपाबंध V** में संलग्न प्रोफार्मा में उक्त वर्ष के 30 जून तक प्रस्तुत करेगी ।

(8) केन्द्रीय सरकार का पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय मानीटरी समिति को अपने कृत्यों के प्रभावी निर्वहन के लिए समय-समय पर ऐसे निर्देश दे सकेगा, जो वह ठीक समझे ।

7. **सुप्रीम कोर्ट, आदि के आदेश:-** इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभाव देने के लिए केंद्रीय सरकार और राज्य सरकार अतिरिक्त उपाय, यदि कोई हों, विनिर्दिष्ट कर सकेंगे ।

8. अतिरिक्त उपाय:- इस अधिसूचना के उपबंध, भारत के माननीय उच्चतम न्यायालय या उच्च न्यायालय या राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण द्वारा पारित कोई आदेश या पारित होने वाले किसी आदेश, यदि कोई हों, के अधीन होंगे

[फा. सं. 25/55/2017-ईएसजेड]

डॉ. सतीश चन्द्र गढ़कोटी, वैज्ञानिक 'जी'

IndiaCode

उपाबंध- I

असम राज्य में होल्लोनगपर-गिब्बन अभयारण्य और इसके पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा का विवरण

पूर्व:-जीपीएस बिंदु सं. 1 (94° 23' 14.681" पू और 26° 41' 29.920" उ) से सीमा जीपीएस बिंदु सं 2 को पार करके चाय बागान के साथ जाकर जीपीएस बिंदु सं.3 (94° 22' 16.632" पू और 26° 40' 17.275" उ) से मिलती है। जीपीएस बिंदु सं. 3 से सीमा सड़क के साथ दक्षिण की ओर जाकर जीपीएस बिंदु सं.4 (94° 22' 27.612" पू और 26° 40' 3.979" उ) से मिलती है। जीपीएस बिंदु सं.4 से पुन: सीमा जीपीएस बिंदु सं. 5 को पार करके चाय बागान सीमा के साथ जाकर जीपीएस बिंदु सं.6 (94° 23' 9.328" पू और 26° 39' 47.632" उ) से मिलती है। जीपीएस बिंदु सं.6 से पुन: सीमा सड़क के साथ दक्षिण की ओर जाती है और जीपीएस बिंदु सं.7 (94° 23' 36.674" पू और 26° 39' 15.625" उ) से मिलती है। जीपीएस बिंदु सं.7 से सीमा चाय बागान के साथ जाती है। और जीपीएस बिंदु सं. 8 (94° 23' 54.414" पू और 26° 38' 45.600" उ) से मिलती है। जीपीएस बिंदु सं.8 से सीमा जीपीएस बिंदु सं.9 एवं 10 को पार करके दिसाई रिजर्व वन की रिजर्व वन सीमा के साथ पूर्व की ओर जाती है और जीपीएस बिंदु सं.11 (94° 27' 10.359" पू और 26° 39' 16.601" उ) से मिलती है। वहां से सीमा रिजर्व वन सीमा (असम नागालैंड अंतरराज्यीय सीमा) के साथ जाती है और जीपीएस बिंदु सं.12 (94° 27' 57.392" पू और 26° 38' 0.138" उ) से मिलती है।

दक्षिण:- जीपीएस बिंदु सं. 12 (94° 27' 57.392" पू और 26° 38' 0.138" उ) से सीमा जीपीएस बिंदु सं.13,14,15,16,17,18,19,20,21,22,23,24,25,26,27,28 एवं 29 को पार करके दिसाई एवं दिसाई घाटी रिजर्व वन (असम नागालैंड अंतरराज्यीय सीमा) की रिजर्व वन सीमा के साथ पश्चिम की ओर जाती है और जीपीएस बिंदु सं.30 (94° 18' 59.946" पू और 26° 27' 32.039" उ) से मिलती है।


पश्चिम:- जीपीएस बिंदु सं. 30 (94° 18' 59.946" पू और 26° 27' 32.039" उ) से सीमा जीपीएस बिंदु सं.31,32,33,34 एवं 35 को पार करके दिसाई घाटी रिजर्व वन (असम नागालैंड अंतरराज्यीय सीमा) की रिजर्व वन सीमा के साथ उत्तर की ओर जाकर जीपीएस बिंदु सं.36 (94° 17' 4.305" पू और 26° 33' 44.203" उ) से मिलती है। जीपीएस बिंदु सं. 36 से सीमा जीपीएस बिंदु सं. 37,38,39,40 एवं 41 को पार करके दिसाई घाटी रिजर्व वन सीमा के साथ पूर्व की ओर मुड़ती है। और जीपीएस बिंदु सं. 42 (94° 23' 6.610" पू और 26° 37' 57.755" उ) से मिलती है। जीपीएस बिंदु सं.42 से सीमा जीपीएस बिंदु सं. 43,44,45,46,47,48,49 एवं 50 को पार करके भोगदई नदी और दिसाई नदी के बाएं तट के साथ उत्तर की ओर जाती है और जीपीएस बिंदु सं. 51(94° 16' 48.306" पू और 26° 43' 59.786" उ) 23' 24.281" पू और 26° 44' 18.300" उ) से मिलती है। जीपीएस बिंदु सं.56 से सीमा जीपीएस बिंदु सं. 57 को को पार करके सड़क के साथ दक्षिण की ओर जाकर जीपीएस बिंदु सं.58 (94° 24' 2.960" पू और 26° 41' 18.688" उ) से मिलती है जीपीएस बिंदु सं.58 से सीमा सड़क के साथ पश्चिम की ओर जाती है और जीपीएस बिंदु सं. 59 (94° 23' 16.032" पू और 26° 40' 50.899" उ) से मिलती है।

उत्तर:-जीपीएस बिंदु सं. 59 से सीमा सड़क के साथ उत्तर की ओर जाती है और जीपीएस बिंदु सं.1 (94° 23' 14.681" पू और 26° 41' 29.920" उ) से मिलती है। अभयारण्य की पश्चिमी सीमा नागालैंड के साथ अंतरराज्यीय सीमा को छूती है और अत: पारिस्थितिकी संवेदी जोन 0.0 किलोमीटर प्रस्तावित किया गया है। पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा 0.0 किलोमीटर (नागालैंड के साथ अंतरराज्यीय सीमा) से 22.54 किलोमीटर के बीच है।

IndiaCode


उपाबंध- II क

मुख्य अवस्थानों के अक्षांश और देशांतर के साथ होल्लोनगपर-गिब्बन अभयारण्य के पारिस्थितिकी संवेदी जोन का गूगल मानचित्र



उपाबंध- IIख

मुख्य अवस्थानों के अक्षांश और देशांतर के साथ होल्लोनगपर-गिब्बन अभयारण्य के पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भूमि उपयोग पैटर्न को दर्शाने वाला मानचित्र



उपाबंध-III

सारणी क: होल्लोनगपर-गिब्बन अभयारण्य के प्रमुख अवस्थानों के भू-निर्देशांक

जीपीएस बिंदु	देशांतर	अक्षांश
1	94° 22' 5.369" पू	26° 43' 14.526" उ
2	94° 21' 44.154" पू	26° 42' 33.281" उ
3	94° 21' 45.902" पू	26° 41' 59.451" उ
4	94° 21' 44.588" पू	26° 41' 24.186" उ
5	94° 21' 28.134" पू	26° 40' 51.434" उ
6	94° 21' 37.449" पू	26° 39' 56.337" उ
7	94° 20' 54.065" पू	26° 39' 37.576" उ
8	94° 20' 25.370" पू	26° 40' 32.105" उ
9	94° 19' 13.121" पू	26° 40' 8.556" उ
10	94° 19' 8.815" पू	26° 40' 17.324" उ
11	94° 18' 41.036" पू	26° 40' 46.645" उ
12	94° 18' 30.120" पू	26° 41' 14.195" उ
13	94° 18' 15.841" पू	26° 41' 32.983" उ
14	94° 19' 18.964" पू	26° 41' 59.067" उ
15	94° 18' 50.889" पू	26° 42' 24.862" उ
16	94° 19' 27.784" पू	26° 42' 19.920" उ
17	94° 20' 12.239" पू	26° 42' 13.733" उ
18	94° 20' 50.712" पू	26° 42' 7.986" उ
19	94° 20' 53.612" पू	26° 42' 52.873" उ
20	94° 21' 34.283" पू	26° 43' 8.484" उ

IndiaCode

सारणी ख: पारिस्थितिकी संवेदी जोन के मुख्य अवस्थानों के भू-निर्देशांक

जीपीएस बिंदु	देशांतर	अक्षांश
1	94° 23' 14.681" पू	26° 41' 29.920" उ
2	94° 21' 58.733" पू	26° 40' 54.190" उ
3	94° 22' 16.632" पू	26° 40' 17.275" उ
4	94° 22' 27.612" पू	26° 40' 3.979" उ
5	94° 22' 44.856" पू	26° 40' 13.435" उ
6	94° 23' 9.328" पू	26° 39' 47.632" उ
7	94° 23' 36.674" पू	26° 39' 15.625" उ
8	94° 23' 54.414" पू	26° 38' 45.600" उ
9	94° 24' 31.095" पू	26° 39' 26.119" उ
10	94° 26' 8.448" पू	26° 39' 56.055" उ
11	94° 27' 10.359" पू	26° 39' 16.601" उ
12	94° 27' 57.392" पू	26° 38' 0.138" उ
13	94° 27' 15.774" पू	26° 38' 9.378" उ
14	94° 26' 18.451" पू	26° 37' 27.401" उ
15	94° 24' 55.909" पू	26° 36' 53.720" उ
16	94° 24' 9.908" पू	26° 36' 8.385" उ
17	94° 24' 33.452" पू	26° 35' 10.842" उ
18	94° 24' 25.974" पू	26° 34' 15.262" उ
19	94° 24' 21.288" पू	26° 33' 23.163" उ
20	94° 24' 16.844" पू	26° 32' 49.680" उ
21	94° 23' 51.958" पू	26° 32' 17.464" उ
22	94° 23' 34.682" पू	26° 31' 50.761" उ
23	94° 22' 47.947" पू	26° 31' 30.131" उ
24	94° 22' 16.926" पू	26° 30' 55.641" उ
25	94° 21' 44.231" पू	26° 30' 23.364" उ

IndiaCode

26	94° 21' 9.009" पू	26° 30' 0.605" उ
27	94° 20' 57.257" पू	26° 29' 26.790" उ
28	94° 20' 17.557" पू	26° 28' 55.367" उ
29	94° 19' 31.392" पू	26° 28' 33.835" उ
30	94° 18' 59.946" पू	26° 27' 32.039" उ
31	94° 18' 16.389" पू	26° 27' 49.605" उ
32	94° 17' 36.034" पू	26° 28' 29.485" उ
33	94° 17' 18.566" पू	26° 29' 38.238" उ
34	94° 17' 10.442" पू	26° 30' 48.756" उ
35	94° 16' 55.540" पू	26° 32' 2.181" उ
36	94° 17' 4.305" पू	26° 33' 44.203" उ
37	94° 17' 37.623" पू	26° 34' 16.571" उ
38	94° 18' 35.813" पू	26° 34' 44.390" उ
39	94° 19' 32.812" पू	26° 35' 44.785" उ
40	94° 20' 47.911" पू	26° 36' 26.203" उ
41	94° 21' 46.973" पू	26° 37' 20.167" उ
42	94° 23' 6.610" पू	26° 37' 57.755" उ
43	94° 22' 13.726" पू	26° 38' 2.520" उ
44	94° 20' 55.265" पू	26° 38' 27.840" उ
45	94° 20' 3.032" पू	26° 39' 2.789" उ
46	94° 19' 19.293" पू	26° 39' 46.253" उ
47	94° 18' 39.098" पू	26° 40' 41.041" उ
48	94° 18' 27.490" पू	26° 41' 15.839" उ
49	94° 17' 51.098" पू	26° 42' 4.516" उ
50	94° 17' 9.801" पू	26° 42' 49.134" उ
51	94° 16' 48.306" पू	26° 43' 59.786" उ
52	94° 18' 19.472" पू	26° 44' 33.213" उ

IndiaCode

53	94° 19' 37.013" पू	26° 44' 52.619" उ
54	94° 19' 53.855" पू	26° 44' 26.751" उ
55	94° 21' 38.543" पू	26° 44' 15.740" उ
56	94° 23' 24.281" पू	26° 44' 18.300" उ
57	94° 23' 42.683" पू	26° 42' 56.295" उ
58	94° 24' 2.960" पू	26° 41' 18.688" उ
59	94° 23' 16.032" पू	26° 40' 50.899" उ

उपाबंध-IV

भू-निर्देशांकों के साथ होल्लोनगपर-गिब्बन अभयारण्य के पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अन्तर्गत आने वाले ग्रामों की सूची

क्र. सं	ग्राम का नाम	तालुका/मौज़ा	जीपीएस निर्देशांक	
			अक्षांश	देशांतर
1	भाग का मारोंगिअल गांव	नाकाचारी	26°40′23.56″उ	94°24′19.47″ पू
2	पश्चिमी भाग का डेबेरापार चारीअली	नाकाचारी	26°41′15.5″उ	94°23′58.2″पू
3	नागाकाटा गांव	नाकाचारी	26°39′10.3″उ	94°23′49.3″पू
4	ना-पाम गांव	नाकाचारी	26°39′16.0″उ	94°24′11.1″पू
5	दीहींगिया गांव	नाकाचारी	26°40′13.5″उ	94°23′11.2″पू
6	चिनतोली गांव	नाकाचारी	26°40′01.56″उ	94°23′43.05″पू
7	मयतजुली गांव	नाकाचारी	26°39′36.1″उ	94°23′23.3″पू
8	खाटीसोना गांव	नाकाचारी	26°40′33.4″उ	94°22′12.6″पू
9	तरउल भेटा गांव	नाकाचारी	26°41′46.12″उ	94°23′0.27″पू
10	रतनपुर गांव	नाकाचारी	26°40′45.1″उ	94°22′58.5″पू
11	काराजिपर गांव	नाकाचारी	26°40′36.7″उ	94°22′31.0″पू
12	अफलामुख गांव	नाकाचारी	26°41′04.3″उ	94°22′54.7″पू
13	कलिया गांव	नाकाचारी	26°40′49.6″उ	94°22′2.54″पू
14	2 नम्बर. दरीकिल राजाबरी	नाकाचारी	26°42′20.8″उ	94°23′19.7″पू
15	पश्चिमी भाग का नागादेरा	नाकाचारी	26°43′31.1″उ	94°23′39.4″पू

IndiaCode

16	जोतोकिया गांव	नाकाचारी	26°43′58.09″उ	94°20′54.39″पू
17	नैमती गांव	नाकाचारी	26°40′54.8″उ	94°22′52.6″पू
18	फसुअल गांव	नाकाचारी	26°43′48.6″उ	94°20′55.6″पू
19	करी गांव	नाकाचारी	26°44′11.3″उ	94°20′25.9″पू
20	भुगपुर गांव	नाकाचारी	26°42′21.1″उ	94°20′28.1″पू
21	गोबिंपुर गांव	नाकाचारी	26°42′15.58″उ	94°20′14.58″पू
22	मधुपुर गांव	नाकाचारी	26°42′18.2″उ	94°20′14.7″पू
23	तुनिमुख गांव	नाकाचारी	26°42′32.2″उ	94°20′06.9″पू
24	गोसपुरिया गांव	नाकाचारी	26°43′44.3″उ	94°20′28.4″पू
25	हींदुबरी गांव	नाकाचारी	26°43′39.5″उ	94°18′40.3″पू
26	मेलेंग लखिपुर गांव	नाकाचारी	26°40′56.4″उ	94°21′37.7″पू

IndiaCode

उपाबंध V

की गई कार्रवाई की रिपोर्ट का रूप विधान:

1. बैठकों की संख्या और तारीख ।
2. बैठकों का कार्यवृत : (कृपया मुख्य उल्लेखनीय बिंदुओं का उल्लेख करें । बैठक के कार्यवृत्त को एक पृथक उपाबंध में उपाबद्ध करें) ।
3. आंचलिक महायोजना की तैयारी की प्रास्थिति जिसके अंतर्गत पर्यटन महायोजना भी है।
4. भू-अभिलेख में सदृश्य त्रुटियों के सुधार के लिए ब्यौहार किए गए मामलों का सारांश (पारिस्थितिकी संवेदी जोन वार) । ब्यौरे उपाबंध के रूप में संलग्न किए जाएं।
5. पर्यावरण समाघात निर्धारण अधिसूचना, 2006 के अधीन आने वाले क्रियाकलापों की संवीक्षा के मामलों का सारांश। (ब्यौरे एक पृथक् उपाबंध के रूप में संलग्न किए जाएं)।
6. पर्यावरण समाघात निर्धारण अधिसूचना, 2006 के अधीन न आने वाली गतिविधियों की संवीक्षा के मामलों का सारांश । (ब्यौरे एक पृथक् उपाबंध के रूप में संलग्न किए जाएं)।
7. पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 19 के अधीन दर्ज की गई शिकायतों का सारांश ।
8. कोई अन्य महत्वपूर्ण विषय ।

MINISTRY OF ENVIRONMENT, FOREST AND CLIMATE CHANGE

NOTIFICATION

New Delhi, the 23rd September, 2019

S.O. 3462(E).—WHEREAS, a draft notification was published in the Gazette of India, Extraordinary, *vide* notification of the Government of India in the Ministry of Environment, Forest and Climate Change number S.O.1828 (E), dated 7th May, 2018, inviting objections and suggestions from all persons likely to be affected thereby within the period of sixty days from the date on which copies of the Gazette containing the said notification were made available to the public;

AND WHEREAS, copies of the Gazette containing the said draft notification were made available to the public on the 7th May, 2018;

AND WHEREAS, no objections and suggestions were received from persons and stakeholders in response to the aforesaid draft notification;

AND WHEREAS, the Hollongapar-Gibbon Sanctuary was notified by the Government of Assam *vide* notification No. FRS/37/97/13, dated 30.07.1997, by upgrading the conservation status of the Hollongapar Reserve Forest declared earlier *vide* notification No. 8, dated 27.08.1881;

AND WHEREAS, the Sanctuary is an important protected area situated in Jorhat District in the state Assam covering an area of 20.98621 square kilometers; the perennial river Bhogdoi along with its catchment passes through the Sanctuary and makes the ecological environment of the Sanctuary unique, several seasonal small streams comprising of Hollongapar Mouza (Taluka) and Nakachari Mouza (Taluka) of Jorhat District are the main sources of water for the animals in the Sanctuary;

